

राज्य कोविड वार रूम का निरीक्षण करते हुए अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राज्य कोविड वार रूम का किया निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में कोविड–19 महामारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी एवं तैयारियों के बारे में जानकारी लेने के लिए उत्तराखंड शासन के अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित राज्य कोविड वार रूम व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ने वार रूम के साथ–साथ टेली मेडिसन सेवा के लिए संचालित ई–संजीवनी ओपीडी की कार्य प्रणाली तथा 104 हैल्पलाइन सुविधा को भी देखा अपर मुख्य सचिव के साथ स्वास्थ्य सचिव डा पंकज कुमार पाण्डेय भी मौजूद थे।

### ऋषिनगरी में सात पर्यटकों समेत 65 संक्रमित मिले

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश, लक्ष्मणझूला और मुनिकीरेती में शुक्रवार को भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिनमें ऋषिकेश 45, लक्ष्मणझूला में सात पर्यटक समेत 11, मुनिकीरेती में नौ लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऋषिनगरी में नए साल के बाद लगातार कोरोना के आंकड़ों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को भी करीब 65 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ऋषिकेश सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एसएस यादव ने बताया 45 कोरोना पॉजिटिव मरीजों में 20 ऋषिकेश के रहने वाले हैं। जबकि अन्य मरीज छिद्दरवाला, रूद्रप्रयाग आदि क्षेत्र के हैं।

### कांग्रेस ने जनसंपर्क कर जुटाया समर्थन

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस जन संपर्क अभियान में जुटी हुई है। शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने ऋषिकेश में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। शुक्रवार को एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला ने ऋषिकेश के ग्रामीण क्षेत्र के आशा प्लॉट में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को कांग्रेस की नीतियों के प्रति जागरूक किया। कहा कि महंगाई को रोकने में भाजपा और केंद्र सरकार फेल हो चुकी है।

### शराब के साथ चार गिरफ्तार

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोतवाली पुलिस ने अंग्रेजी और कच्ची शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम गढ़ी पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान एक कार को रोका। जिसमें अमित गोस्वामी पुत्र केवल कृष्ण गोस्वामी निवासी अदिति बिहार, श्यामपुर सवार थे। तलाशी लेने पर कार से अंग्रेजी शराब की 6 पेटियां बरामद की गई। काले की ढाल से संतोष पुत्र रघुनाथ निवासी सर्वहारानगर को 54 पव्वे के साथ पुलिस ने पकड़ा है।

# उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहा कोरोना संक्रमण

**कोरोना अपडेट**

■ पिछले 24 घंटे में मिले 3200 नए मरीज, सक्रिय संक्रमितों का आंकड़ा 12 हजार पार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को राज्य में 3200 नए मामले सामने आए हैं। अब तक कुल 7438 मरीजों की मौतें हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 676 मरीज स्वस्थ हुए हैं। इन्हें मिलाकर 336353 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। वर्तमान में 12349 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश की रिकवरी दर 92.55 प्रतिशत और सैंपल जांच के आधार पर संक्रमण दर 11.48 प्रतिशत पहुंच गई है।

**कोविड अस्पताल में संक्रमित वृद्ध की मृत्यु:** वहीं पौड़ी जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कोविड अस्पताल में संक्रमित 70 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु हो गई है। वह टिहरी जिले के रहने वाले थे। 13 जनवरी की देर रात उनकी मौत हुई है। मृतक बुजुर्ग को 12 जनवरी की देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**महिला छात्रावास में रह रही चार छात्राएं कोविड पॉजिटिव:** वहीं गढ़वाल विवि के श्रीनगर में बीटेक परीक्षा स्थगित करने की मांग के लिए छात्र धरने पर बैठ गए हैं। छात्रों के कहना है कि अभी सिलेबस पूरा नहीं हुआ है। साथ ही महिला छात्रावास में रह रही चार छात्राएं कोविड पॉजिटिव आई हैं। इसलिए उनकी मांग है कि परीक्षा स्थगित की जाए। इस दौरान उनकी परीक्षा नियंत्रक से भी नोक–झोंक हुई। छात्रों का कहना है कि परीक्षा नियंत्रक उनकी समस्या नहीं सुन रहे हैं।

**20 से लेकर 40 साल तक के लोग ज्यादा आ रहे गिरफ्त में:** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना संक्रमण की गिरफ्त में 20 से लेकर 40 साल तक के लोग ज्यादा आ रहे हैं। ऐसा युवाओं के ज्यादा बाहर निकलने और कोरोना गाइडलाइन की अनदेखी की वजह से है।


एसडीसी फाउंडेशन के अध्यक्ष अनूप नौटियाल का मानना है कि 20 से लेकर 40 साल की उम्र के लोगों का एक्सपोजर कुछ ज्यादा ही रहता है। इस आयु वर्ग के लोगों पर पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ ही सामाजिक सरोकार भी कुछ ज्यादा ही रहते हैं।

इसकी वजह से इस आयु वर्ग वाले लोगों में कोरोना संक्रमण की दर अधिक देखने को मिल रही है। कोरोनेशन अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनएस बिष्ट के अनुसार 20 से लेकर 40 साल की उम्र के लोग नौकरियों की वजह या फिर घरेलू कामों की वजह से घर से बाहर ज्यादा निकलते हैं। ऐसे में उनके कोरोना संक्रमित होने का खतरा कुछ ज्यादा ही है।

**टीकाकरण अभियान के चलते बची हजारों की जिंदगी:** कोरोनेशन अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनएस बिष्ट के अनुसार कोरोना टीकाकरण की वजह से लाखों लोगों की जिंदगी को बचाया जा सका है। फिलहाल उत्तराखंड समेत पूरे देश में ओमिक्रॉन संक्रमित मरीजों की संख्या काफी कम है। जबकि डेल्टा वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या ज्यादा है। इस बार डेल्टा वायरस से संक्रमित होने के बावजूद कई मरीजों में बीमारी का लक्षण तक नहीं दिखाई दे रहे हैं।

कोरोना संक्रमित होने पर बीमारी का लक्षण उन्हीं लोगों में दिखाई दे रहा है जिन्होंने कोरोना टीके की पहली व दूसरी डोज नहीं लगवायी है। जिन लोगों ने दोनों डोज लगवा ली हैं उन्हें संक्रमण तो हो रहा है, लेकिन लक्षण भी नहीं दिखाई दे रहे हैं।

**देहरादून में मिले सबसे ज्यादा 1030 संक्रमित**



देहरादून जिले में 1030 संक्रमित मिले हैं। नैनीताल में 494, हरिद्वार में 543, ऊधमसिंह नगर में 429, चंपावत में 46, पौड़ी में 131, अल्मोड़ा में 165, टिहरी में 112, पिथौरागढ़ में 58, बागेश्वर में 38, चमोली में 40, रुद्रप्रयाग में 52, उत्तरकाशी जिले में 62 संक्रमित मिले हैं।

### सरकारी दफ्तरों में 58 वर्ष से ऊपर वाले और गर्भवती कार्मिकों का वर्क फ्रॉम होम

प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे कोविड संक्रमण के बीच सरकारी दफ्तरों में कार्यरत 58 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों और गर्भवती कार्मिकों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। सचिव प्रभारी विनोद कुमार सुमन ने सचिवालय सहित सभी सरकारी दफ्तरों के लिए एक आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि ऐसी महिला कर्मचारी जो गर्भवती हैं और ऐसे कर्मचारी जिनकी आयु 58 वर्ष से अधिक है, को घर से ही काम करना होगा। उन्हें केवल अपरिहार्य स्थिति में ही दफ्तर बुलाया जा सकेगा।

# आप उत्तराखंड के लिए ही नहीं पूरे देश के लिए खतरा: सीएम

**निरीक्षण**

■ डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में कोविड उपचार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में कोविड उपचार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण जोशी से उपकरण स्टाफ व अन्य सुविधाओं पर चर्चा की। ऑक्सीजन प्लांट को लेकर भी जानकारी हासिल की। इसके बाद डीआरडीओ की ओर से बनाए गए जनरल बीसी जोशी अस्थाई कोविड–19 अस्पताल गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जान माल की सुरक्षा है। कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए अधिकारियों को सभी इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी की सक्रियता के सवाल को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आप उत्तराखंड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए खतरा है। वह ऐसी पार्टी है जो सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगती है और सेना पर सवाल उठाती है, ऐसी पार्टी पर ज्यादा कुछ नहीं बोला जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को लेकर धामी ने कहा कि उनकी पार्टी खुद उन्हें हल्के में लेती है तो और व्यक्ति उनके बयानों को क्यों महत्व देगा? कांग्रेस पार्टी पहले खुद सीएम का चेहरा तय करे। तभी दूसरों के बारे में बात करें।

**भाजपा में नहीं है टिकट को लेकर मारामारी**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा बड़ी पार्टी है। इसमें दावेदारों की संख्या भी ज्यादा है लेकिन मारामारी जैसी कोई स्थिति नहीं है। रायशुमारी पूरी हो चुकी है। अब पार्लियामेंट्री बोर्ड प्रत्याशियों की घोषणा करेगा।



**उपनल कर्मियों ने किया घेराव** सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के उपनल कर्मियों ने हड़ताल के समय के वेतन को लेकर मुख्यमंत्री का घेराव किया। कर्मचारियों ने कहा कि आपने जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया। लौटते समय महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के पांव पकड़ लिए और रोते हुए कहने लगी, हमारी भी सुनो सरकार।

### आम आदमी पार्टी ने जारी की तीसरी सूची, 51 प्रत्याशी के नाम कर चुके हैं घोषित

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। जिसमें गढ़वाल से पांच और कुमाऊं से चार प्रत्याशियों के नामों का एलान किया गया है।

आप के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने ट्वीट करके यह जानकारी दी हैस उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी अन्य सभी दलों से प्रत्याशी घोषित करने में सबसे आगे निकल चुकी है। पार्टी अब तक कुल 51 प्रत्याशियों के नामों का एलान कर चुकी है। जिनमें से नौ प्रत्याशियों की घोषणा आज आप पार्टी द्वारा की गई है। इसमें पुरोला से प्रकाश कुमार, देवप्रयाग से उत्तम भंडारी, सहसपुर से भरत सिंह, मसूरी से श्याम बोरा, झबरेड़ा से राजू बिराटिया, डीडीहाट से दीवान सिंह मेहता, लाल कुआं से चंद्रशेखर पांडे, नानकमत्ता से आनंद सिंह राणा और खटीमा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर को प्रत्याशी घोषित किया है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।